बाहुबली बजरंगबली

बाहुबली बजरंगबली,
संकट मोचन बजरंगबली,
लंका दहन ऐसा किया,
कि असरों में मच गई खलबली.......

राम काज करने को आतुर,
सीता मा का पता लगाया,
सो जोजन के दरिया का,
पल भर में लाँघ दिखाया,
रुद्र रूप लंका में दिखकर,
दहशत फैलाई गली गली,
बाहुबली बजरंगबली.....

जिसने भी हनुमान को पूजा,
उसके सब दुख दूर हुए,
मंगल का जिसने ब्रत किया,
हनुमत उससे खुश हए,
जो हनुमान को सिंदूर चढ़ाए,
उसपे कृपा करें बजरंगवली,
बाहुबली बजरंगबली.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29965/title/baahubali-bajrangbali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |